संचालनालय, संस्कृति एवं पुरातत्व
महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय, घड़ी चौक के पास, सिविल लाइन
रायपुर–492001, छत्तीसगढ़
E-mail: deptt.culture@gmail.com, deptt_culture@yahoo.co.in, Website: www.cgculture.in
Phone No.: 0771-2537404, Tele.Fax.:0771-2234731

क्र. 147 /सं.पु./संस्कृति/राज्यो./21 रायपुर, दिनांक 8/9 /2021

देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार 2021

छत्तीसगढ़ शासन, संस्कृति विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक शैली पर आधारित प्रदर्शनकारी छत्तीसगढ़ी लोक कला के क्षेत्र में व्यक्ति/संस्था को प्रोत्साहन देने एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदेश के सुप्रसिद्ध पंथी नर्तक स्व.श्री देवदास बंजारे की स्मृति में राज्य स्तरीय **"देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार"** स्थापित किया गया है, जिसके लिए प्रविष्टयां/ अनुशंसाएं आमंत्रित है।

1. चयन समिति की अनुशंसा पर शासन द्वारा अंतिम रूप से घोषित एक व्यक्ति/संस्था को पचास हजार रू. नगद और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।
2. पुरस्कार के लिए निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रविष्टियां ई-मेल पर आमंत्रित की जाती है, जिसमें,
   - स्वयं अथवा आपके द्वारा सम्मान हेतु नामांकित किए जाने वाले लोक कलाकार/ संस्था का नाम, पूर्ण परिचय व पता।
   - छत्तीसगढ़ की लोक शैली पर आधारित प्रदर्शनकारी छत्तीसगढ़ी लोक कला के क्षेत्र में किए गए कार्यो का सप्रमाण विवरण।
   - पूर्व में कलाकार को यदि अन्य कोई सम्मान प्राप्त हुआ हो तो उसका विवरण।
   - चयन होने की स्थिति में पुरस्कार ग्रहण करने के संबंध में संबंधित चयनित लोक कलाकार/संस्था की लिखित सहमति आवश्यक होगा।
3. **"देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार 2021"** की प्रविष्टियां संबंधी जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cgculture.in पर देखी जा सकती है।
4. **प्रविष्टियों की अंतिम तिथि 11/10/2021** है तथा प्रविष्टियां विभाग के मेल आईडी rajyaalankaranculture@gmail.com में प्रेषित मेल का आकार 10 एम.बी. तथा वर्ड, पीडीएफ, इमेज सहित कुल 20 ए-4 साईज पेज में स्वीकार की जावेंगी।
5. प्रस्तुत की गई प्रविष्टियां के संबंध में कोई भी पत्रचार मान्य नहीं होगा।
6. निम्न प्रारूप में जानकारी दस्तावेजों के प्रतिलिपि सहित प्रविष्टियां ई-मेल पर प्रस्तुत करें।

क्र.	आवेदक नाम एवं पता	जन्मतिथि एवं आयु	प्रस्तावक का विवरण	कलाकार की उपलब्धियों का संक्षिप्त ब्यौरा	प्राप्त सम्मान/ पुरस्कार विवरण केवल अन्तराष्ट्रीय/ राष्ट्रीय/ राज्यस्तरीय/ जिला स्तरीय	वर्तमान में शासकीय सेवारत हैं अथवा नहीं	सम्मान हेतु सहमति पत्र संलग्न है अथवा नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)

संचालक
संस्कृति एवं पुरातत्व